'पिया बिन आवन नहीं चैन...'



■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** भातखडे संस्कृति विश्वविद्यालय मे शनिवार को सुगम सगीत की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुणे की प्रख्यात कलाकार विदुषी सगीता नेरुरकर ने विद्यार्थियो को गायन की बारीकिया सिखाई और बेगम अख्तर व केएल सहगल की सागीतिक विरासत पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. माडवी सिह के मार्गदर्शन मे हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। विदुषी नेरुरकर ने 'एक बगला बने न्यारा', 'झूलन झुलाओ' और राग झिझोटी मे ठुमरी 'पिया बिन आवन नही चैन' की भावपूर्ण प्रस्तुतिया देकर श्रोताओ को मत्रमुग्ध कर दिया। कार्यशाला का सचालन डॉ. कृतिका त्रिपाठी ने किया, जिसमे कुलसचिव अतुल कुमार सहित कई शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।